जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 118
दिनांक 14.07.2023

पोल्ट्रीफार्म में ब्लैक सोल्जर फ्लाई फार्मिंग की संभावना– डॉ. अबू सिद्धकी

जनेकृविवि में ब्लैक सोल्जर फ्लाई फार्मिंग के महत्व एवं उद्देश्य पर पोल्ट्रीफार्मर से चर्चा

जबलपुर 14 जुलाई, 2023। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान द्वारा छात्रों के हित में एवं किसानों की आय बढ़ाने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, और उद्योग लगाने सहित अन्य के लिये प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान कर्नाटक के डॉ. अबू सिद्धकी ब्लैक सोल्जर फ्लाई फार्मिंग के विषेषज्ञ का जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान के डायरेक्टर डॉ. मोनी थॉमस और उनकी टीम के साथ पोल्ट्री फॉर्म से जुड़े व्यवसायियों से चर्चा की। इस दौरान डॉ. सिद्धकी ने कहा कि मध्यप्रदेश पोल्ट्रीफार्म के विकास एवं विस्तार का केन्द्र बिन्दु जबलपुर रहा है। जबलपुर शहर में ही पोल्ट्री उत्पाद की खपत दिनों–दिन बढ़ती जा रही है, इससे पोल्ट्री उद्योगों का भी निरंतर विस्तार हुआ है। पोल्ट्री शैड़ो में एकत्रित बीट और उससे उत्पन्न समस्याओं से पोल्ट्री फार्मर को निरंतर सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ब्लैक फ्लाई की इल्ली पोल्ट्री बीट को खाद में शीघ्र परिवर्तित करने की क्षमता रखती है। पोल्ट्रीफार्म की मक्खियों की समस्या का भी निवारण ब्लैक सोल्जर फ्लाई से हो सकता है। डॉ. सिद्धकी ने ब्लैक सोल्जर फ्लाई फार्मिंग के महत्व एवं उद्देश्य पर शहर के प्रमुख पोल्ट्रीफार्मर से चर्चा के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस चर्चा में फोनिक्स पोल्ट्री फार्म के जनरल मैनेजर श्री अमर श्रीवास, ज्वाय पोल्ट्री फार्म के मैनेजिंग डायरेक्टर जयंत चौधरी, पोल्ट्री रोग विषेषज्ञ डॉ. आमिर खान, श्री सैयद हुसैन एवं अन्य की परिचर्चा में सक्रीय भूमिका रही। कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान की टीम के डायरेक्टर डॉ. मोनी थॉमस, डॉ. अनुपमा वर्मा, डॉ. लवीना शर्मा, श्रीमती लक्ष्मी सिंह, डॉ. दीपक पाल, डॉ. हेमंत रहांगडाले, श्री दीपांशु पटेल, श्री लवकेश पटेल एवं श्री जय वर्मा ने इस परिचर्चा को समन्वय एवं सार्थक बनाया।

गौरतलब है कि विदेशों में ब्लैक सोल्जर फार्मिंग से उच्चकोटी के प्रोटीन उत्पादन हेतु व्यापक पैमाने पर किया जा रहा है। केरल के कोचीन शहर में नगर निगम द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन में भी ब्लैक सोल्जर फ्लाई को प्रायोगिक तौर पर इस्तेमाल करने की चर्चा है।